दिनांक 25 जनवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयुक्त रोहित व्यास के साथ निगम कर्मचारियों ने लिया शपथ

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निगम कार्यालय में शपथ लिया। शपथ ग्रहण करने निगम के प्रत्येक विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र , निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निवार्चन की गरिमा अक्षुण्ण रखने, निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निवार्चनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने निगम आयुक्त रोहित व्यास के साथ निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने शपथ ली। इस अवसर पर अपर आयुक्त, निगम के अभियंता , जोन आयुक्त, स्थापना विभाग, लेखा विभाग, स्टेनो कक्ष, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनसंपर्क विभाग, जनगणना विभाग , भवन अनुज्ञा विभाग , काउंटर सेक्शन , राजस्व विभाग , समाज कल्याण विभाग , संपत्तिकर विभाग। सहित अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।